मुख्यमंत्री सचिवालय

....

प्रेस विज्ञप्ति

रांची, दिनांक: 30/09/2021

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति-493/2021
30 सितंबर 2021
मंत्रालय
========================
★ मुख्यमंत्री ने खाद्य, सार्वजनिक वितरण एव उपभोक्ता मामले विभाग एवं पंचायती राज विभाग के कार्यों की समीक्षा की
=========================
★ त्योहारों से पूर्व वस्त्र योजना से लाभुकों को आच्छादित करें
★ प्रखंड और पंचायत स्तर के कार्यों की समीक्षा करें उपायुक्त
========================
रांची
मुख्यमंत्री ने खाद्य, सार्वजनिक वितरण एव उपभोक्ता मामले विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि धोती-साड़ी योजना के तहत वस्त्रों का वितरण त्योहारों से पूर्व कर लें। साथ ही, वस्त्रों की गुणवत्ता से किसी तरह का समझौता न करें। वितरण के लिए खरीदे जा रहे वस्त्र झारखण्ड में बने, इसकी कार्य योजना तैयार करें। हरा राशन कार्ड का लाभ सभी जरूरतमंदों को दें। धान बेचने वालों किसानों को सही समय पर धान की कीमत प्राप्त हो यह सुनिश्चित होना चाहिए। अधिक से अधिक किसान पोर्टल में खुद को निबंधित करें। धान अधिप्राप्ति हेतु सेंटर चिन्हित करें ताकि किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो।

प्रखंड और पंचायत स्तर के कार्यों की समीक्षा करें

मुख्यमंत्री ने पंचायती राज 15 वें वित्त आयोग में प्राप्त आवंटन के विरुद्ध स्वीकृत योजनाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट का प्रावधान किया गया है। लेकिन खर्च सही ढंग से नहीं हो रहा है। सभी उपायुक्त और उप विकास आयुक्त इस दिशा में बेहतर ढंग से कार्य करें। प्रखंड और पंचायत स्तर के कार्यों की समीक्षा करें।

###

==================

#Team PRD(CMO)